**Regarding need to issue instructions to stop the dumping of fly ash on roadsides by overloaded trucks in Jharsuguda district, Odisha-Laid**

**श्री प्रदीप पुरोहित (बारगढ़) :** ओडिशा के झारसुगुड़ा ज़िले में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के अंतर्गत ट्रांसपोर्टरों द्वारा भारी मात्रा में फ्लाई ऐश का ओवरलोड परिवहन किया जा रहा है । ये गाड़ियाँ नियमों का उल्लंघन करते हुए फ्लाई ऐश को सीधे सड़क पर डंप कर रही हैं । बारिश के समय यह फ्लाई ऐश बहकर राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों को डुबो देता है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है । इसके अलावा, यह फ्लाई ऐश बहते हुए आसपास के किसानों की ज़मीन में प्रवेश कर रहा है, जिससे उनकी फसलें नष्ट हो रही हैं । इससे न केवल कृषि को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी खराब हो रही है और पर्यावरण पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है । यह स्थिति न केवल किसानों की आजीविका के लिए संकटपूर्ण है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी के लिए भी घातक है । मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि ऐसे ओवरलोड फ्लाई ऐश परिवहन करने वाले ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए । साथ ही, मैं सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध करता हूँ कि वे इस विषय पर सख्त दिशा-निर्देश जारी करने का कष्ट करें ।